_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh

Date-  Class-VI
Subject- Hindi Literature  Page-1
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

पुस्तक - नवतरंग भाग-6
पाठ-13 'रहीम के दोहे'

सुप्रभात प्यारे बच्चो!
यह पाठ-13 'रहीम के दोहे' कक्षा छठी की हिन्दी साहित्य का है। इस पाठ में आपको प्रश्न-उत्तर भेजे जाएँगे। यह पाठ आपको 19 दिसंबर, 2022 को भेजा जाएगा।
पाठ बोध
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-
संक्षेप में
(क) इस पंक्ति में पानी शब्द का प्रयोग तीन अर्थों में किया गया है। पहला मोती के संदर्भ में अर्थात् मोती में पानी के बिना चमक नहीं हो सकती और चमक के बिना मोती का कोई मूल्य नहीं है। दूसरा अर्थ मनुष्य के लिए है यहाँ पानी का अर्थ विनम्रता से है अर्थात् मनुष्य को हमेशा पानी की तरह विनम्र रहना चाहिए। पानी का तीसरा अर्थ आटे से है अर्थात् पानी के बिना आटे का कोई आस्तित्व नहीं है, वह नम्र नहीं हो सकता है।
(ख) प्रेम का धागा हमें कभी नहीं तोड़ना चाहिए क्योंकि यदि यह एक बार टूट जाए तो फिर दोबारा जुड़ता नहीं है और यदि जुड़ जाए तो उसमें गाँठ पड़ जाती है। इसलिए हमें सदैव दूसरो से प्रेम से बात करनी चाहिए।

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date-                                    Class - VI
Subject- Hindi Literature              Page - 2
Subject Teacher- Ms. Roma Rani

(घ) रहीम जी हमें समझाते हैं कि हमें सदैव दूसरो से अच्छा व्यवहार करना चाहिए क्योंकि यदि किसी कारणवश बात बिगड़ जाए तो उसे सुलझाना मुश्किल हो जाता है, जिस प्रकार फटे हुए दूध से ~~मक्खन~~ नहीं निकाला जा सकता उसी प्रकार बिगड़ी बात कभी नहीं बनती है।

विस्तार से

(क) रहीम जी कहते हैं कि दीपक और अच्छे कुल में जन्मा कपूत दोनों का चरित्र एक समान होते हैं, आरंभ में तो दोनों घर को रोशन करते हैं परन्तु जैसे-जैसे वे बढ़ते हैं वैसे-वैसे घर में अंधकार करते जाते हैं।

(ख) रहीम जी अपने मन की व्यथा को अपने मन में रखने के लिए कह रहे हैं क्योंकि लोग हमेशा दूसरों का दुख सुनकर इठला भले ही लें परन्तु उसे बाँटकर कम करने वाले कम ही होते हैं। इसलिए हमें अपने हृदय की बात दूसरों से छिपा कर रखनी चाहिए।

(ग) यदि कोई अच्छे स्वभाव वाला व्यक्ति है तो बुरी संगत से भी उसका कुछ नहीं बिगड़ेगा। इस बात को समझाने के लिए रहीम जी ने चंदन के पेड़ की उदाहरण दी है कि जिस प्रकार चंदन के पेड़ पर साँप लिपटे रहते हैं फिर भी चंदन में जहर नहीं होता, उसी तरह अच्छे चरित्र वाले व्यक्ति का बुरी संगति में कुछ नहीं बिगड़ेगा।

Last page.

Scanned with CamScanner